प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 बुधवार** **दिनांक 26.11.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1–राष्ट्र आज संविधान दिवस मना रहा है–राष्ट्रपति ने कहा कि संविधान राष्ट्रीय पहचान की आधारशिला है।

2–एसआईआर के तहत उत्कृष्ट काम करने वाले बीएलओ को पुरस्कृत किया जाएगा।

3–बीजापुर जिले में बारह महिला सहित इकतालीस माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

4– जांजगीर–चांपा जिले के सुकली गांव के पास बीती रात हुए एक सड़क हादसे में सेना के दो जवान सहित पांच लोगों की मौत।

**संविधान दिवस–01**

राष्ट्र आज संविधान दिवस मना रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली स्थित संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में संविधान की प्रस्तावना पढ़ी। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि संविधान राष्ट्रीय पहचान की आधारशिला है।

**सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय स्वतंत्रता, क्षमता और बंधुता, मुझे यह देखकर हर्ष होता है कि इन सभी आयामों पर संसद सदस्यों ने संवैधानिक बने निर्माताओं की परिकल्पनाओं को यथार्थ स्वरूप प्रदान किया है।**

वहीं, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि संविधान, स्वतंत्रता संग्राम में शामिल लाखों देशवासियों के सामूहिक ज्ञान, बलिदान और सपनों का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान दिवस के अवसर पर देश के नाम अपने पत्र में नागरिकों से अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि रखने और अपने मताधिकार का प्रयोग करके लोकतंत्र को मज़बूत करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारत एक विकसित और सशक्त राष्ट्र बनने के दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है।

**संविधान दिवस–02**

इधर, छत्तीसगढ़ में भी संविधान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर के टाउन हॉल में आयोजित "हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान" कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों के साथ संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया और संविधान के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। इस मौके पर श्री साय ने कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक को स्वतंत्रता के साथ अपनी बात रखने का अधिकार देता है और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सुनिश्चित करता है।

संविधान दिवस पर आज विभिन्न शासकीय कार्यालयों और संस्थाओं में अधिकारियों–कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया।

**केंद्रीय–मंत्रिमंडल फैसले**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सात हजार दो सौ अस्सी करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ सिंटर्ड रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना को मंजूरी दे दी है। इसका उद्देश्य देश में हर साल छह हजार मीट्रिक टन इंटीग्रेटेड रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट विनिर्माण शुरू करना है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में संवाददाताओं को बताया कि रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट सबसे मजबूत तरह के परमानेंट मैग्नेट में से एक हैं और इलेक्ट्रिक वाहनों, अक्षय ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स, एयरोस्पेस और डिफेंस एप्लीकेशन के लिए बहुत ज़रूरी हैं।

**एसआईआर**

प्रदेश में इन दिनों मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर का कार्य चल रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार एसआईआर के तहत उत्कृष्ट और तय समय पर कार्य पूरा करने वाले बूथ लेवल अधिकारी–बीएलओ को प्रशस्ति पत्र के साथ पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि राज्य के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जहां किसी भी भाग संख्या पर आठ सौ या उससे अधिक पंजीकृत मतदाता हैं, वहां अट्ठाईस नवंबर तक गणना फॉर्म वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन का शत–प्रतिशत कार्य पूरा करने वाले प्रथम तीन बीएलओ को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर पच्चीस जनवरी को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके तहत राज्य के सभी नब्बे विधानसभा क्षेत्रों से तीन–तीन बीएलओ यानि दो सौ सत्तर बीएलओ को जिला स्तरीय कार्यक्रमों में पुरस्कार दिए जाएंगे। पुरस्कार के लिए चयनित बीएलओ को प्रशस्ति पत्र के साथ पांच हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

इस बीच, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कवर्धा स्थित मतदान केन्द्र में जाकर एसआईआर का फॉर्म भरा। इस दौरान उन्होंने लोगों को एसआईआर के संबंध में जानकारी दी।

**बीएलओ–हमला**

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के दौरान भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र में बूथ लेवल अधिकारी–बीएलओ पर हमला करने की घटना सामने आई है। घायल बीएलओ को पहले सुपेला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके बाद उसे दुर्ग जिला अस्पताल रेफर किया गया। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी जावेद हुसैन को गिरफ्तार कर लिया है।

**श्रम संहिता**

केंद्र सरकार द्वारा लागू चार नई श्रम संहिताओं का विभिन्न संगठनों ने स्वागत किया है। भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी राधेश्याम जायसवाल ने कहा है कि चार नई श्रम संहिताओं के लागू होने से हर सेक्टर में काम करने वाले मजदूरों को इसका लाभ मिलेगा।

## खाद्य सचिव–पत्रकारवार्ता

प्रदेश में अगले वर्ष तक स्मार्ट–पीडीएस योजना लागू की जाएगी। इस योजना के तहत राशनकार्ड प्रबंधन, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, अनाज का वितरण और अन्य काम किए जाएंगे। यह जानकारी खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने आज नवा रायपुर में पत्रकारों से चर्चा के दौरान दी। उन्होंने बीते दो वर्षों में अपने विभाग में किए गए कार्यों का विवरण भी प्रस्तुत किया।

श्रीमती कंगाले ने बताया कि स्मार्ट पीडीएस योजना के तहत राशनकार्ड आवेदन ऑनलाइन लिया जाएगा। इसके साथ ही ''ग्रेन एटीएम'' योजना भी लागू की जाएगी। इस योजना के तहत राशनकार्ड को राशन दुकानों में एटीएम कार्ड की तरह स्कैन कर अनाज लिया जा सकेगा।

खाद्य सचिव ने बताया कि राज्य के पहुंचविहीन ग्राम पंचायतों में संचालित उचित मूल्य की आठ सौ तेरह दुकानों को आने वाले समय में ऑनलाइन किया जाएगा। साथ ही इन दुकानों में गोदाम भवन का निर्माण भी किया जाएगा। खाद्य सचिव ने बताया कि तीन वर्ष के भीतर राज्य के सभी किसानों को डिजिटल किसान ऋण पुस्तिका मुफ़्त में प्रदान की जाएगी। वहीं, तीन वर्षों में दो सौ इंक्यावन में से पचास तहसीलों को डिजिटल तहसील बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जो राजस्व मामलों को ऑनलाइन सुलझाने में मददगार साबित होंगे। उन्होंने कहा कि अगले तीन वर्ष में ज़मीन से जुड़े रिकॉर्ड मोबाइल पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

## माओवादी आत्मसमर्पण

बीजापुर जिले में आज "पूना मारगेम यानी पुनर्वास से पुनर्जीवन" नीति के तहत इकतालीस माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें बारह महिला माओवादी भी शामिल हैं। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ के डीआईजी डी.एस. नेगी और बीजापुर जिले के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर जितेंद्र यादव के समक्ष इन माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इन सभी माओवादियों पर कुल एक करोड़ उन्नीस लाख रूपये का इनाम घोषित था।

इधर, खैरागढ़–छुईखदान–गंडई जिले में आज बीस लाख रुपये के इनामी माओवादी दंपत्ति ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष आत्मसमर्पण किया है।

## दुर्घटना

जांजगीर–चांपा जिले के सुकली गांव में बीती रात हुए एक सड़क हादसे में सेना के दो जवान सहित पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं, तीन अन्य व्यक्ति घायल हो गए हैं, जिनका इलाज बिलासपुर के एक अस्पताल में चल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार नवागढ़ से कुछ लोग एक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने पंतोरा गांव गए थे। वहां से लौटते समय उनका चारपहिया वाहन राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–उनचास पर सुकली गांव के पास एक ट्रक से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दो अन्य लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सभी मृतक नवागढ़ के रहने वाले थे।

## इफ्फी

गोवा में आयोजित छप्पनवें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में आज मैक्सिको की नाटकीय फिल्म – द डेविल स्मोक्स–एंड सेव्स द बर्न्ट माचिस इन द सेम बॉक्स 'एक डायरेक्टर की बेस्ट डेब्यू फीचर फिल्म' श्रेणी के अंतर्गत दिखाई गई।

निर्देशक अर्नेस्टो मार्टिनेज बुसियो फिल्म के प्रीमियर में शामिल हुए और समारोह का हिस्सा बनने पर खुशी जताई। इस फिल्म को इस वर्ष बर्लिनले अंतर्राष्ट्रीय फिल्मोत्सव में बेस्ट फर्स्ट फीचर फिल्म का पुरस्कार मिल चुका है।

**समाचार संक्षेप में ...**

–गुरु तेगबहादुर के तीन सौ पचासवें शहीदी दिवस पर अंम्बिकापुर स्थित गुरुद्वारा साहिब में आज विशेष कीर्तन समागम का आयोजन किया गया, जिसमें पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल शामिल हुए।

–शराब घोटाला मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू ने आज
आबकारी विभाग के तत्कालीन आयुक्त और सचिव निरंजन दास सहित छह आरोपियों के खिलाफ रायपुर की विशेष अदालत में चालान प्रस्तुत किया। इस मामले में अब तक पचास आरोपियों के विरुद्ध चालान पेश किया जा चुका है।

–राज्य सरकार ने राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया है। इच्छुक अभ्यर्थी बीस दिसंबर तक अपने जिले के महिला और बाल विकास कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदक की आयु अट्ठारह वर्ष से कम होनी चाहिए।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>